UP Board Important Questions Class 9 भूगोल Chapter 1 भारत – आकार और स्थिति Bhugol

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
भारत किस गोलार्द्ध में स्थित है?
उत्तर:
भारत उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।

प्रश्न 2.
भारत के मुख्य भाग का विस्तार बतलाइये।।
अथवा
भारत का अक्षांशीय तथा देशान्तरीय विस्तार बतलाइये।
उत्तर:
भारत का मुख्य भाग 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तर अक्षांश तक तथा 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्व देशान्तर तक विस्तृत है।

प्रश्न 3.
कौनसी रेखा भारत को लगभग दो बराबर भागों में बाँटती है?
उत्तर:
कर्क रेखा भारत को लगभग दो बराबर भागों में बाँटती है।

प्रश्न 4.
भारतीय संघ के सबसे दक्षिणी बिन्दु का नाम बताइये।
उत्तर:
भारतीय संघ के सबसे दक्षिणी बिन्दु का नाम इन्दिरा बिन्दु है।

प्रश्न 5.
भारतीय भूभाग का क्षेत्रफल बतलाइये।
उत्तर:
32.8 लाख वर्ग किमी.।

प्रश्न 6.
भारत के दक्षिण में कौनसा महासागर स्थित है?
उत्तर:
हिन्द महासागर।

प्रश्न 7.
गुजरात की अपेक्षा अरुणाचल प्रदेश में सूर्य कितनी देर पहले दिखाई देता है?
उत्तर:

दो घंटे पहले।

प्रश्न 8.
भारत की मानक याम्योत्तर किसे माना गया है?
उत्तर:
82°30' पूर्व देशान्तर रेखा को भारत की मानक याम्योत्तर माना गया है।

प्रश्न 9.
भारत की मानक याम्योत्तर कहाँ से गुजरती है?
उत्तर:
भारत की मानक याम्योत्तर उत्तरप्रदेश में मिर्जापुर से गुजरती है।

प्रश्न 10.
भारतीय मुख्य भूमि की पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण की लम्बाई बताइये।
उत्तर:
भारतीय मुख्य भूमि की पूर्व से पश्चिम की लम्बाई-लगभग 2933 कि.मी.। भारतीय मुख्य भूमि की उत्तर से दक्षिण की लम्बाई-लगभग 3214 कि.मी.।

प्रश्न 11.
स्वेज नहर को कब खोला गया?
उत्तर:
स्वेज नहर को सन् 1869 में खोला गया।

प्रश्न 12.
स्वेज नहर के कारण यूरोप एवं भारत के बीच दूरी में कितनी कमी आई?
उत्तर:
7000 किमी. की।

प्रश्न 13.
क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्र कौनसा है?
उत्तर:
रूस।

प्रश्न 14.
क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत से बड़े देशों की संख्या कितनी है?
उत्तर:
क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत से छः बड़े देश हैं।

प्रश्न 15.
भारतीय भूखण्ड कहाँ स्थित है?
उत्तर:
भारतीय भूखण्ड एशिया महाद्वीप के पूर्व और पश्चिम के मध्य में स्थित है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 16.
भारत एवं श्रीलंका के मध्य कौनसी जल सन्धि है?
उत्तर:
भारत एवं श्रीलंका के मध्य पाक जलसन्धि है।

प्रश्न 17.
स्वतन्त्रता से पूर्व अंग्रेजी शासन काल में भारत में कितने प्रकार के राज्य थे?
उत्तर:
दो प्रकार के-(1) प्रांत (2) रियासत।

प्रश्न 18.
श्रीलंका को भारत से कौन अलग करता है?
उत्तर:
पाक जल संधि तथा मन्नार की खाड़ी श्रीलंका को भारत से अलग करती है।

प्रश्न 19.
मालदीव कहाँ स्थित है?
उत्तर:
मालदीव हिन्दमहासागर में लक्षद्वीप समूह के दक्षिण में स्थित है।

प्रश्न 20.
भारत का कौनसा स्थान सन् 2004 में सुनामी लहरों के कारण समुद्र में जलमग्न हो गया था?
उत्तर:
इन्दिरा बिन्दु।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत की भौगोलिक स्थिति का वर्णन कीजिये।
अथवा
भारत की भूमि की भौगोलिक विशेषता समझाइये।
उत्तर:
भारत की भौगोलिक स्थिति-भारत उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इसका मुख्य भू-भाग 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तर अक्षांश तथा 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्व देशान्तर तक है। कर्क रेखा 23°30' उत्तर में देश को लगभग दो बराबर भागों में बांटती है। भारतीय भू-खण्ड एशिया महाद्वीप के पूर्व और पश्चिम के मध्य में स्थित है। मुख्य भू-भाग के दक्षिण-पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा दक्षिण-पश्चिम में अरब सागर है। बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा अरब सागर में लक्षद्वीप समूह स्थित हैं। भारतीय भू-भाग एशिया महाद्वीप का दक्षिणी विस्तार है। इसके दक्षिण में हिन्द महासागर है।

प्रश्न 2.
भारत के आकार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।
उत्तर:
भारत का आकार-भारत की आकृति चतुष्कोणीय है। यह विश्व का सातवां बड़ा देश है। भारत के भूभाग का कुल

क्षेत्रफल लगभग 32.8 लाख वर्ग कि.मी. है। भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है। भारत की स्थल सीमा रेखा लगभग 15,200 कि.मी. और समुद्री तट रेखा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप समूह के साथ 7516.6 कि.मी. है। भारत के उत्तर-पश्चिम, उत्तर तथा उत्तर-पूर्वी सीमा पर नवीनतम वलित पर्वत है। इसके दक्षिण का भू-भाग उत्तर में चौड़ा है और 22° उत्तरी अक्षांश से हिन्द महासागर की ओर संकरा होता गया है।

प्रश्न 3.
भारत के पड़ोसी देशों के नाम लिखिये।
उत्तर:
भारत के पड़ोसी देश निम्न प्रकार हैं-

- पाकिस्तान
- अफगानिस्तान
- चीन
- नेपाल
- भूटान
- बांग्लादेश
- म्यांमार
- श्रीलंका
- मालदीव।

प्रश्न 4.
सन् 1947 से पहले ब्रिटिश काल में भारत में कितने प्रकार के राज्य थे? वर्णन कीजिये।

उत्तर:
सन् 1947 से पहले ब्रिटिश काल में भारत में दो प्रकार के राज्य थे-(1) प्रांत और (2) रियासत। प्रांत वे राज्य थे जिन पर वायसराय द्वारा नियुक्त अंग्रेज अधिकारी शासन करते थे जबकि रियासतों पर अंग्रेजी शासकों की प्रभुसत्ता मानकर वहाँ का शासन स्थानीय शासकों द्वारा पैतकता के आधार पर स्वायत्तता से किया जाता था।

प्रश्न 5.
उपमहाद्वीप किसे कहते हैं? भारत को प्रायः उपमहाद्वीप क्यों कहा जाता है?
उत्तर:
एक विशाल एवं विशिष्ट भौगोलिक इकाई, जो शेष महाद्वीप से स्पष्ट भिन्नता रखती है, उसे उपमहाद्वीप कहते हैं। हिमालय पर्वत और समुद्र शेष एशिया महाद्वीप से इसे स्पष्ट भिन्नता प्रदान करता है। इसलिए भारत को प्रायः एक उपमहाद्वीप कहा जाता है।

https://www.evidyarthi.in/